राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–विज्ञप्ति :–

दिनांक :– **14.10.2014**

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 8/2011–12 दिनांक 20.07.2011 की पद क्रम संख्या 1 व 2 पर क्रमशः सहायक भू–संरक्षण अधिकारी (अभियांत्रिकी) (वन विभाग) के 3 पद एवं सहायक भू–संरक्षण अधिकारी (कृषि) (वन विभाग) का 1 पद विज्ञापित किया गया था। सम्पूर्ण आयोग के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार आयोग द्वारा इन पदों हेतु संबंधित सेवा नियम में विहित प्रावधनों के अनुसार लिखित प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। अतः आयोग द्वारा पूर्व में ली गई संवीक्षा परीक्षा एवं साक्षात्कार निरस्त किए जाते हैं। परीक्षा का पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाईट पर यथासमय जारी कर दिया जायेगा।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव